>

Title: Need to develop a mechanism to unearth benami property in the country - Laid

श्री गणेश सिंह (सतना): बेनामी सम्पत्ति पर मोदी जी की सरकार ने बने हुए कानून का सख्त किया है । इसमें आम जनता को सूचना के बतौर कैसे सहभागी बनाया जाये, इस पर मेरी एक राय है कि कोई ऐसा एक साफ्टवेयर डेवलप किया जाए जिसमें आम जनता से सूचना मांगी जाये, इसमें सूचना दाता को पुरस्कृत करने हेतु प्रावधान करके इसे गोपनीय रखा जाए इससे जो लाभ होगा बेनामी संपत्ति जहां है जिसकी भी है, उसके बारे में वास्तविक जानकारी पड़ोस के लोगों को रहती है । किन्तु उसे सार्वजनिक करने में कठिनाई होती है । यदि गोपनीय रखकर के सूचनाएं एकत्र करके एकत्र की गई सूचना के आधार पर शासकीय रिकॉर्ड को सामने लाया जा सकता है और इससे बेनामी सम्पत्ति का पर्दाफाश होगा ।